हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज

हुक्म की तामील जारी हुए

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	हुक्म की तामील जारी हुए
24/1/?	पत्रावली पेश हुई वकील [illegible] 17/3/25 को पेश हो सहायक कलक्टर (मु.) अजमेर आज दिनांक 17/3/25 को जिला/राजस्व बार एसोसिएशन ने आज कार्य स्थगित रखा गया है। पत्रावली पूर्ववत कार्यवाही की पालना में दिनांक 9/4/25 को पेश हो। आदेशानुसार न्यायालय पेशकार (रीडर) सहायक कलक्टर(मु.) अजमेर आज दिनांक 9/4/25 को जिला/रा... बार एसोसिएशन ने आज कार्य स्थगित रखा गया है। पत्रावली पूर्ववत कार्यवाही की पालना में दिनांक 23/4/25 को पेश हो। आदेशानुसार न्यायालय पेशकार (रीडर) सहायक कलक्टर(मु.), अजमेर	
	23/4/25 पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। अप्रार्थीगण के अभिभाषक उपस्थित जिन्होंने बाजदावा प्रार्थनापत्र स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं होना स्वीकार किया है। बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने निवेदन किया है कि मूल वाद दिनांक 15.7.24 को सुनवाई हेतु नियत था। वकील वादी ने वादी को आगे की पेशी होने की सूचना दे रखी थी तथा वकील वादी अन्य न्यायालय में आवश्यक कार्य से व्यस्त होने से नियत तिथि को न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ एवं वादी स्वयं को पेशी की सही जानकारी नहीं होने से नियत तिथि को हाजिर नहीं हो सके जिससे वाद अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया गया। जिसे पुनः नम्बर पर लिया जाकर प्रकरण का विधिक प्रावधानों के तहत गुणावगुण पर निस्तारण करने का आदेश प्रदान करावें।	बाजदावा स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है पुष्पेन्द्रसिंह नाहर Balwd...

Scanned with OKEN Scanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए

अप्रार्थीगण के अधिवक्ता ने वादी के बाजदारी प्रार्थना-पत्र पर कोई एतराज नहीं कर सहमती प्रदान की है। मूल वाद सं०। व प्रतिवादी 1,2 के वाहिसान को रिमार्ड पर लिया जाकर पत्रावली संशोधित शीर्षक व तलबी में विचाराधीन है, जिसमें साक्ष्य सबुता के आधार पर गुणावगुण होना शेष है। उक्त वाद में वादी के हित निहित है। जिससे न्यायहित में वाद स्वीकार किया जाकर मूल वाद इस शर्त पर पुनः नम्बर पर लिया जाता है कि वाद में निपत आगामी पेशी पर संशोधित शीर्षक पेश करे व तलबी पेश करे। यह प्रार्थना-पत्र फैसल शुमार होकर मूल वाद के साथ नथी हो।

सहायक कलक्टर (मु.), अजमेर